भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(युवा कार्यक्रम विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5957

उत्तर देने की तारीख 30 मार्च, 2026

9 चैत्र, 1948 (शक)

यूथ हॉस्टल स्कीम के अंतर्गत तेलंगाना में यूथ हॉस्टल

5957. श्री वामसि कृष्णा गद्दाम:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) यूथ हॉस्टल स्कीम के अंतर्गत देश में स्थापित / कार्यरत यूथ हॉस्टलों का तेलंगाना सहित राज्य-वार / संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) आवंटित और जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है और इसके प्रारंभ होने के वर्ष तथा प्रत्येक परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार का तेलंगाना में नए यूथ हॉस्टलों की स्थापना करने का विचार है और यदि हां, तो ऐसे प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है और उन पर क्या कार्रवाई की गई है, और

(घ) क्या सरकार का पेद्दापल्ली के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए वहाँ यूथ हॉस्टल की स्थापना करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) तेलंगाना सहित देशभर में युवा छात्रावास स्कीम के तहत स्थापित / कार्यशील युवा छात्रावासों का राज्य / संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुबंध क में है।

(ख) वर्तमान में, सभी परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और इनका शुरुआती वर्ष अनुबंध क में देखा जा सकता है। सरकारी निर्माण एजेंसी द्वारा अनुमान के अनुसार विभिन्न वर्षों में धनराशि आवंटित की गई थी।

(ग) और (घ) वर्तमान में, तेलंगाना के पेद्दापल्ली सहित नए युवा छात्रावास स्थापित करने का कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****

<u>अनुबंध –क</u>

'यूथ हॉस्टल स्कीम के अंतर्गत तेलंगाना में यूथ हॉस्टल' के संबंध में श्री वामसि कृष्णा गद्दाम द्वारा दिनांक 30.03.2026 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5957 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध.

देश में स्थापित / कार्यशील युवा छात्रावासों का विवरण:

क्र. सं.	**राज्य**	**जिला**	**शहर**	**स्थापना/ उद्घाटन वर्ष**
1.	आंध्र प्रदेश	वाईएसआर कडप्पा	कडप्पा	2013
2.	आंध्र प्रदेश	विजयनगरम	विजयनगरम	2009
3.	आंध्र प्रदेश	विशाखापत्तनम	विशाखापत्तनम	2001
4.	आंध्र प्रदेश	तिरुपति	तिरुपति	1996
5.	अरुणाचल प्रदेश	निचला दिबांग घाटी	रोइंग	2019
6.	असम	कामरूप मेट्रोपॉलिटन	गुवाहाटी	1985
7.	बिहार	पटना	पटना	1996
8.	गोवा	उत्तरी गोवा	मिरामार, पणजी	1972
9.	गोवा	उत्तरी गोवा	पेडम मापुसा	1999
10.	हरियाणा	सिरसा	सिरसा	2006
11.	हरियाणा	कुरुक्षेत्र	कुरुक्षेत्र	1990
12.	हरियाणा	पंचकूला	पंचकूला	1972
13.	हिमाचल प्रदेश	चंबा	डलहौजी	1972
14.	कर्नाटक	हसन	हसन	1990
15.	कर्नाटक	मैसूरु	मैसूर	1988
16.	कर्नाटक	दावणगेरे	देवनगेरे	1998-99
17.	कर्नाटक	बेलगावी	सोगल	2000

क्र. सं.	राज्य	जिला	शहर	स्थापना/ उद्घाटन वर्ष
18.	केरल	तिरुवनंतपुरम	तिरुवनंतपुरम	1979
19.	केरल	कोझिकोड	कोझिकोड	1991
20.	केरल	एर्नाकुलम	कोच्चि	1989
21.	मध्य प्रदेश	भोपाल	भोपाल	1970
22.	मध्य प्रदेश	जबलपुर	जबलपुर	1998
23.	महाराष्ट्र	छत्रपति संभाजीनगर	औरंगाबाद	1976
24.	मणिपुर	इम्फाल पश्चिम	इंफाल	1985
25.	मेघालय	पूर्वी खासी हिल्स	शिलांग	1986
26.	नागालैंड	दीमापुर	दीमापुर	1999
27.	ओडिशा	गंजम	गोपालपुर-ऑन-सी	2006
28.	ओडिशा	पुरी	पुरी	1975
29.	पुडुचेरी	पुडुचेरी	पुडुचेरी	1979
30.	पंजाब	तरन तारन	तरन तारन	2009
31.	पंजाब	जलंधर	जलंधर	2006
32.	पंजाब	पटियाला	पटियाला	1999
33.	पंजाब	रूपनगर	रोपड़	1991
34.	राजस्थान	जयपुर	जयपुर	1972
35.	राजस्थान	अजमेर	अजमेर	2007
36.	राजस्थान	उदयपुर	उदयपुर	1972
37.	राजस्थान	जोधपुर	जोधपुर	1993
38.	तमिलनाडु	तंजावुर	तंजावुर	1991

क्र. सं.	राज्य	जिला	शहर	स्थापना/ उद्घाटन वर्ष
39.	तमिलनाडु	नीलगिरि	ऊटी	2009
40.	तमिलनाडु	चेन्नई	चेन्नई	1975
41.	तेलंगाना	हनुमाकोंडा	वारंगल	2004
42.	तेलंगाना	हैदराबाद	सिकंदराबाद	1976
43.	तेलंगाना	नल्गोंडा	नलगोंडा	2003
44.	त्रिपुरा	पश्चिम त्रिपुरा	अगरतला	1994
45.	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	लखनऊ	2007
46.	उत्तर प्रदेश	आगरा	आगरा	1987
47.	उत्तराखंड	चमोली	बद्रीनाथ	2006
48.	उत्तराखंड	नैनीताल	नैनीताल	1972
49.	उत्तराखंड	देहरादून	मसूरी	1988
50.	राजस्थान	कोटा	कोटा	2025
51.	अंडमान और निकोबार	दक्षिण अंडमान	पोर्ट ब्लेयर	1983
52.	आंध्र प्रदेश	एनटीआर जिला	विजयवाड़ा	1998
53.	अरुणाचल प्रदेश	पापुम पारे	नाहरलगुन	1986
54.	असम	सोनितपुर	तेजपुर	2001
55.	गुजरात	गांधीनगर	गांधीनगर	1972
56.	हरियाणा	यमुनानगर	यमुना नगर	2005
57.	हरियाणा	भिवानी	भिवानी	1992
58.	हरियाणा	गुरुग्राम	गुड़गांव	1999
59.	हरियाणा	रेवाड़ी	रेवाड़ी	2006

क्र. सं.	राज्य	जिला	शहर	स्थापना/ उद्घाटन वर्ष
60.	जम्मू और कश्मीर	श्रीनगर	श्रीनगर	1960
61.	जम्मू और कश्मीर	उधमपुर	पटनाटॉप	1972
62.	मध्य प्रदेश	छतरपुर	खजुराहो	2011
63.	मणिपुर	चुराचांदपुर	चुराचांदपुर	2017
64.	मणिपुर	थौबल	थौबल	2017
65.	मिज़ोरम	आइजोल	आइजोल	1996
66.	ओडिशा	कोरापुट	कोरापुट	1995
67.	ओडिशा	मयूरभंज	जाशीपुर	1993
68.	पंजाब	अमृतसर	अमृतसर	सत्तर के दशक की
69.	पंजाब	संगरूर	संगरूर	1990-1991
70.	सिक्किम	गंगटोक (पूर्वी सिक्किम)	गंगटोक	2002
71.	तमिलनाडु	मदुरै	मदुरै	1987 -88
72.	तमिलनाडु	तिरुचिरापल्ली	तिरुचिरापल्ली	1989
73.	उत्तराखंड	उत्तरकाशी	उत्तरकाशी	1989-90
74.	पश्चिम बंगाल	दार्जिलिंग	दार्जिलिंग	1970-71
75.	महाराष्ट्र	बुलढाणा	बुलढाणा	-
76.	हिमाचल प्रदेश	बिलासपुर	बिलासपुर	1994
77.	असम	नगांव	नगांव	1994
78.	मणिपुर	उखरुल	उखरुल	1995
79.	नागालैंड	मोकोकचुंग	मोकोकचुंग	-
80.	पश्चिम बंगाल	बर्दवान	बर्दवान	2007

क्र. सं.	राज्य	जिला	शहर	स्थापना/ उद्घाटन वर्ष
81.	सिक्किम	नामची	नामची	1987
82.	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	चुरुलिया	1999
83.	असम	गोलाघाट	गोलाघाट	-
84.	जम्मू और कश्मीर	जम्मू	नगरोटा	-
85.	मेघालय	पश्चिम गारो हिल्स	तूरा	-

*****